## खेल की खास खबरें

### मालोर्का टेनिस के क्वार्टर फाइनल में बॉतिस्ता आगुट से हारे मेदवेदेव

**पाल्मा ( एजेंसी )।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो



गये जिससे उनका इस सत्र में घसियाले कोर्ट पर खिताब जीतने का सपना टूट गया। विश्व में 20वीं रैंकिंग के बॉतिस्ता आगुट ने मेदवेदेव 6-3, 6-2 से हराया। रूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण मेदवेदेव विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे। स्पेन के बॉतिस्ता आगुट की विश्व में नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ यह चौथी जीत है। उन्होंने पिछली तीन जीत नोवाक जोकोविच के खिलाफ दर्ज की थी।

### फीफा वर्ल्ड कप के लिए अब 26 सदस्यीय स्क्वॉड चुन सकेंगी टीमें

**जिनेवा ( एजेंसी )।** फीफा ने कोविड-19 महामारी के दौरान खिलाड़ियों और कोचों की मदद के लिए, फुटबॉल के नियमों में छूट को बढ़ाते हुए गुरुवार को 26 सदस्यीय बड़े दल को कतर में होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने की अनुमति दी। फीफा ब्यूरो (फीफा अध्यक्ष और फुटबॉल के छह परिसंघ) से इस कदम की उम्मीद थी, क्योंकि हाल में महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में 23 खिलाड़ियों को अनुमति दी गई थी। वर्ल्ड कप के लिए टीम में तीन और खिलाड़ियों को बढ़ा दिया गया है। यूएफा ने पिछले साल यूरोपीय चैम्पियनशिप में यही फैसला किया था। पिछले साल दक्षिण अमेरिका में कोपा अमेरिका टूर्नामेंट और जनवरी में अफ्रीकन कप ऑफ नेशन्स के लिए 28 खिलाड़ियों की टीम को मंजूरी दी गई थी।

रणजी ट्रॉफी फाइनल का तीसरा दिन

# यश- शुभम के शतकों से इतिहास रचने की ओर मध्यप्रदेश ने बढ़ाए कदम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।**

**मध्यप्रदेश और मुंबई के बीच रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश की पहली पारी में यश दुबे और शुभम शर्मा ने शतकीय पारी खेली। इसकी मदद से तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर 3 विकेट पर 368 बना लिए थे। कप्तान आदित्य श्रीवास्तव 11 रन और रजत पाटीदार 67 रन बनाकर नाबाद रहे।**



अब मध्यप्रदेश पहली पारी में मुंबई से महज 6 रन पीछे और अभी 7 विकेट हाथ में है। मध्यप्रदेश टीम ने पहली पारी में बढ़त हासिल कर ली तो उसके पहले रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। क्योंकि नियम के मुताबिक रणजी ट्रॉफी का फाइनल ड्रॉ होता है तो पहली पारी की बढ़त के आधार पर विजेता का फैसला होगा और ऐसे में मध्य प्रदेश के खिताब जीतने की ज्यादा उम्मीदें हैं, उसने पहली बार रणजी खिताब जीतना भी सुनिश्चित कर लिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 374 रन बनाए। मुम्बई ने पहली पारी में 374 रन बनाये थे। यश दुबे ने 336 गेंदों पर 133 रन में 14 चौके लगाए जबकि शुभम ने 215 गेंदों पर 116 रन में 15 चौके और एक छक्का लगाया। स्टंप्स के समय रजत पाटीदार 67 और कप्तान आदत्यि श्रीवास्तव 11 रन बनाकर क्रीज पर हैं। मुम्बई के 374 के जवाब में बल्लेबाज़ी करने उतरी एमपी की शुरुआत भी बढ़िया रही। उन्होंने दूसरे पूरे दिन में 41 ओवरों तक बल्लेबाज़ी की और 123 रन बनाए और सिर्फ एक ही विकेट गंवाया। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए तीसरे दिन दोनों बल्लेबाजों ने न केवल अपने अर्धशतक पूरे किये बल्कि शतक पूरे करने के साथ साथ दोहरी शतकीय साझेदारी भी कर डाली। मध्य प्रदेश का दूसरा विकेट मोहित अवस्थी को मिला जन्हिोंने शुभम को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। मध्य प्रदेश का दूसरा विकेट 269 के स्कोर पर गिरा। यश ने रजत पाटीदार के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। यश 133 रन बनाकर टीम के 341 के स्कोर पर शम्स मुलानी की गेंद पर आउट हुए। लेकिन तब तक वह टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा चुके थे। तीसरा विकेट गिरने के बाद पाटीदार ने अपने कप्तान के साथ टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया और मुम्बई के स्कोर के करीब पहुंच गए। तीसरे दिन की शुरुआत से ही ओपनर यश दुबे ने संयम से खेलते हुए अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 250 से ज्यादा गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके जड़े। दोनों ने दूसरे दिन के 1 विकेट से 123 रन की पारी आगे बढ़ते हुए लंच तक ही पारी को 250 रन के पार पहुंचा दिया। दूसरी तरफ से उनका साथ दे रहे शुभम शर्मा ने तेज गति से रन बनाए। उन्होंने अच्छी गेदों को सम्मान दिया, तो कमजोर गेदों को बाउंड्री के पार पहुंचाया। उन्होंने 200 गेदों में ही अपना शतक पूरा किया। इसके लिए शुभम ने 15 चौके और एक छक्का भी जड़ा। मध्यप्रदेश ने दूसरा विकेट 269 रन पर शुभम का खोया। शुभम ने 215 गेंदों पर 116 रन बनाए। रजत पाटीदार 49 गेंदों पर ताबड़तोड़ 50 रन बनाकर क्रीज पर थे। वह आउट हो गए थे, लेकिन नो बॉल होने के कारण उन्हें जीवन दान मिल गया।


### शतक ठोककर बेयरस्टो ने इंग्लैंडकी पारी को संभाला



**लीड्स ( एजेंसी )।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने पहली पारी में 329 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई थी, लेकिन जॉनी बेयरस्टो (130*) और जेमी ओवरटन (89*) ने पारी को संभालते हुए अर्धशतक जड़ दिए हैं। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 200 रन से ज्यादा की साझेदारी हो चुकी है। इंग्लैड ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 264 रन बना लिए। इस बीच इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में जॉनी बेयरस्टो ने 41 रन बनाते हुए टेस्ट करियर में 5000 रन पूरे कर लिए हैं। वह ऐसा करने वाले 24वें इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं। बेयरस्टो ने 95 गेंदों में शतक पूरा किया। इस पारी में अब तक जॉनी 17 चौके लगा चुके हैं। बेयरस्टो का ये लगातार दूसरा शतक है। न्यूजीलैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेरिल मिचेल के दूसरे दिन उन्होंने 228 गेंद में 109 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 9 चौके और 3 छक्के जड़े। तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन लंच से पहले मिचेल ने 213 गेंद पर छक्के के साथ अपना सैकड़ा पूरा किया और इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में शतकों की हैट्रिक जड़ने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बन गए।

### आर्चरी वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची भारतीय महिला टीम, मेडल पक्का

**पेरिस ( एजेंसी )।** भारतीय रिकर्व महिला तीरंदाजों ने क्वालीफिकेशन में खराब प्रदर्शन के बाद गुरुवार को वापसी करते हुए यहां चल रहे वर्ल्ड कप के तीसरे राउंड के फाइनल में जगह बनाकर अपना पहला मेडल पक्का किया। एक दिन पहले क्वालीफिकेशन दौर में सभी महिला तीरंदाज टॉप 30 से बाहर रही थीं, जिससे उन्हें 13वीं वरीयता मिली थी, लेकिन दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के सफर में यूक्रेन, ब्रिटेन और तुर्की को हराया। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे से होगा। भारतीय महिला रिकर्व तिकड़ी ने सबसे पहले चौथी वरीय यूक्रेन को 5-1 (57-53 57-54 55-55) से हराकर बाहर किया। फिर क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ उन्होंने महज चार अंक गंवाए और अपने प्रतिद्वंद्वियों को 6-0 (59-51 59-51 58-50) से मात दी। सेमीफाइनल में हालांकि उनकी शुरुआत धीमी रही लेकिन भारत ने आठवीं वरीय तुर्की की गुलनाज कोस्कुन, एज्गी बसारण और यासमिन अनागोज की तिकड़ी को 5-3 (56-51 57-56 54-55 55-55) से पराजित कर दिया।



### भारत-श्रीलंका के बीच दूसरा टी-20 आज

**दांबुला ( एजेंसी )।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत ने गुरुवार को पहले टी20 में 34 रन से जीत दर्ज करके दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय टीम शनिवार को अब न सिर्फ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी बल्कि अपने कमजोर पक्षों पर गौर करके बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जीत की लय जारी रखने का प्रयास भी करेगी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा।

### आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया की 4 विकेट से जीत, श्रीलंका ने वनडे सीरीज पर 3-2 से किया कब्जा

**कोलंबो ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पांच मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में 4 विकेट से हरा दिया है। हालांकि इस हार के बाद बावजूद श्रीलंका ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज गंवाने के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से शानदार वापसी करते हुए श्रीलंका को पांचवें और आखिरी वनडे में शुक्रवार को 43.1 ओवर में 160 रन पर समेट दिया। हालांकि इतने कम के स्कोर पर श्रीलंका को ढेर करने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के लिए टारगेट हासिल करना आसान नहीं रहा। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने 50 रन के अंदर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। जिसके बाद एलेक्स कैरी और मार्नश लाबुशेन के बीच पांचवें विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी हुई। हालांकि लाबुशेन 58 गेंद में 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

## व्यापार

## खास खबरें

### 31 जुलाई से पहले भर लें 2022-23 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न वरना देना होगा जुर्माना

**नईदिल्ली। अगर आप इनकम टैक्स के दायरे में नहीं भी आते हैं तो आईटीआर जरूर भरें। आपको बता दें कि वित्त वर्ष 2021-22 और एसेसमेंट ईयर 2022-23 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने की शुरुआत 15 जून, 2022 से हो चुकी है। अगर आपने भी अब तक रिटर्न नहीं भरा है तो अंतिम डेट से पहले भर लें।** अगर आपको आपके दफ्तर से फॉर्म -16 मिल चुका है तो बिना देरी किए इसे भर लें, अगर आपने डेडलाइन के पहले इसे नहीं भरा तो आपको पेनल्टी भरनी पड़ सकती है। इसे अलावा जब इनकम टैक्स की ई-फाइलिंग वेबसाइट पर ज्यादा टैक्सपेयर्स रिटर्न फाइलिंग करते हैं तो लोड बढ़ जाता है। ऐसे में, अगर आप भी इनकम टैक्स फाइलिंग में होने वाली दिक्कतों से बचना चाहते हैं तो आखिरी समय का इंतजार नहीं करें। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2021-22 और एसेसमेंट ईयर 2022-23 के लिए बिना किसी लेट फीस के आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई, 2022 है। अगर आप डेडलाइन के बाद इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते हैं तो इनकम टैक्स के सेक्शन 234ए और अंडर सेक्शन 234एफ के तहत आपको पेनल्टी के साथ टैक्स पर ब्याज भी देना पड़ेगा।

# क्रिप्टोकरेंसी निवेशकों को एक जुलाई 2022 से एक फीसदी टीडीएस का करना होगा भुगतान

**नई दिल्ली**

**क्रिप्टोकरेंसी के निवेशकों को 1 जुलाई, 2022 से इसके हर ट्रांजेक्शन पर एक फीसदी टीडीएस का भुगतान करना होगा चाहे वो मुनाफे में बेचा गया हो या नुकसान में।**



इसके बाद से क्रिप्टोकरेंसी में निवेश को लेकर उत्साह घटा है। टीडीएस लगने के बाद ये और घट सकता है।

**क्रिप्टोकरेंसी को मान्यता नहीं, लेकिन टैक्स लागू:** सरकार ने क्रिप्टोकरेंसी को मान्यता नहीं दी है लेकिन इस वर्ष 2022-23 से क्रिप्टोकरेंसी को होने वाली इनकम पर 30 फीसदी टैपिटल गेन टैक्स लगाने का फैसला किया है। अब एक जुलाई से क्रिप्टो के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस का भी भुगतान करना होगा। जो निवेशक क्रिप्टोकरेंसी को मुनाफे में नहीं भी बेचते हैं उन्हें भी टैक्स चुकाना होगा। ऐसे क्रिप्टो में निवेश करने वाले निवेशकों को एक फीसदी टीडीएस का भुगतान करना होगा जिससे सरकार क्रिप्टोकरेंसी में लेन-देन करने वालों के ठौर ठिकानों का पता लगा सके। क्रिप्टो को लाभ में बेचने पर 30 प्रतिशत का टैक्स देना होगा। लाभ में नहीं बेचने पर भी एक प्रतिशत का टीडीएस देना होगा जिससे ये पता चलेगा कि कहां-कहां क्रिप्टो का लेनदेन हुआ है। क्रिप्टोकरेंसी पर एक फीसदी टीडीएस लगाए जाने का प्रावधान एक जुलाई 2022 से लागू होने जा रहा है।

सरकार ने साफतौर पर कहा है कि इनकम टैक्स 1961 की प्रस्तावित धारा 115 बीबीएच के प्रावधानों के अनुसार, वीडीए (वर्चुअल डिजिटल एसेट्स) के हस्तांतरण से होने वाले नुकसान को दूसरे वीडीए के हस्तांतरण से उत्पन्न आय के खिलाफ सेट-ऑफ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। धारा 115 बीबीएच इनकम टैक्स एक्ट में एक नया प्रस्तावित खंड है जो क्रिप्टोकरेंसी जैसे वर्चुअल डिजिटल एसेट्स से होने वाले लाभ को परिभाषित करता है।

**जानें नियम:** सीबीडीटी ने कहा है कि अगर खरीदार ने आयकर अधिनियम की धारा 194एस के तहत टैक्स कटौती की है तो विक्रेता को उसी लेनदेन पर इसे काटने की जरूरत नहीं होगी। 194एस के तहत कटौती की गई किसी भी राशि का भुगतान केंद्र सरकार को उस महीने के अंत तक 30 दिनों के भीतर करना होगा जिसमें कटौती की गई थी।

### महंगे रिचार्ज का झंझट खत्म 230 रुपए में सालभर चालू रहेगा सिम

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास सेकेंडरी सिम है तो उसे एक्टिव रखने के लिए भी आपको काफी ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। लेकिन, उसका ज्यादा यूज नहीं हो पाता है। कई लोग बैंक या दूसरे जगह नंबर लिंक होने की वजह से नंबर को केवल एक्टिव रखना चाहते हैं। ऐसे में आप साल के लगभग 230 रुपये खर्च करके सिम को एक्टिव रख सकते हैं। ये नया प्रीपेड प्लान सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने कुछ समय पहले लॉन्च किया था। बीएसएनएल का एक 19 रुपये का प्रीपेड प्लान आता है जिससे 30 दिन के लिए नंबर या सिम को एक्टिव रखने में आपको मदद मिलेगी। कंपनी ने इस प्लान का नाम वॉयस रेट कटर रखा है। इससे ऑन नेट और ऑफ नेट कॉल की दर 20 पैसे प्रति मिनट हो जाती है। अगर आपके मोबाइल में दूसरा कोई डेटा प्लान या बैलेंस नहीं भी है फिर भी इस प्लान से सिम कार्ड चालू रहेगा।

### अब इलेक्ट्रिक कार की नहीं रुकेगी रफ्तार, सिंगल चार्ज में दिल्ली से पटना तक का सफर

**नई दिल्ली**

**दुनिया भर में इलेक्ट्रिक गाड़ियों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। चीन की ऑटो कंपनियां इस रेस में सबसे आगे निकलने की कोशिश में जुटी हैं और कई तरह के नए प्रयोग कर रही हैं।**

इस बीच इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए बैट्री तैयार करने वाली चीनी कंपनी कंटेम्पररी एम्पेरेक्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने एक हाई रेंज की बैट्री बनाने का दावा किया है। कंपनी का दावा है कि उसकी हाई रेंज की बैट्री को फुल चार्ज करने के बाद कार को 1000 किमी (620 मील) तक से भी अधिक दूरी तक चलाया जा सकता है। यानी इस इस बैट्री की मदद से सिंगल चार्ज में दिल्ली से पटना तक का सफर किया जा सकता है।

**तेजी से चार्ज होने की क्षमता:** कंपनी ने इस बैट्री का नाम क्वीलिन रखा है और इसका प्रोडक्शन अगले साल से शुरू होगा। कंपनी के मुताबिक, इस बैट्री के सेल मौजूदा बैट्री की तुलना में जल्दी चार्ज होते हैं। इस बैट्री के सामने आने के तुरंत बाद सीएटीएल के शेयर तेजी से ऊपर की तरफ भागे और 5.9 फीसदी की छलांग लगाई है। कंपनी ने बताया कि क्वीलिन बैट्री की एनर्जी का घनत्व 255 वाट-घंटे प्रति किलोग्राम तक है। सीएटीएल इलेक्ट्रिक-कार बैटरी बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी के रूप में जानी जाती है। कंपनी ने दावा किया है कि क्वीलिन बैट्री सुरक्षित और अधिक टिकाऊ है। कच्चे माल की कमी के चलते कंपनी को इस तिमाही नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन इस बैट्री की खबर ने कंपनी को शेयर को फिर से चमका दिया है।

**ऐसे बनी है हाई रेंज की बैट्री:** कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सीपीटी 3.0 बैटरी में इंटरनल क्रॉसबीम, लिक्विड-कूलिंग प्लेट और थर्मल पैड को इंटीग्रेटेड किया गया है।


**स्पेशल खबर** *ग्राहकों को एक और झटका....*

# जुलाई से 3000 रुपए महंगे हो जाएंगे हीरो मोटोकॉर्प के बाइक और स्कूटर्स

**नई दिल्ली**

**अगर आप हीरो मोटोकॉर्प कंपनी की बाइक और स्कूटर्स खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो आपको एक जोरदार झटका लगने वाला है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह अपने अपने मोटरसाइकिल और स्कूटर के दाम में 3000 रुपए की बढ़ोतरी 1 जुलाई 2022 से कर देगा।**

कंपनी ने एक स्टॉक नियामक फाइलिंग में कहा कि दाम में बढ़ोतरी विशेष मॉडल के आधार पर निर्भर करेगी। वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान करते हुए हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि कच्चे माल की ऊंची कीमतों के कारण उत्पादन लागत में बढ़ोतरी हुई है, इस कारण वाहन की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। कंपनी एक बयान में कहा कि मूल्य संशोधन 3000 रुपए तक होगा। वृद्धि की सटीक मात्रा विशिष्ट मॉडल और बाजार के अधीन होगी। कमोडिटी कीमतों सहित लगातार बढ़ती समग्र लागत मुद्रास्फीति को आंशिक रूप से ऑफसेट करने के लिए मूल्य संशोधन आवश्यक हो गया है।




**मारुति सुजुकी ने भी बढ़ाए थे दाम:** बता दें कि दोपहिया वाहन निर्माता हीरो मोटोकॉर्प एकमात्र ऐसी कंपनी नहीं है, जिसने कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। अप्रैल में देश की सबसे बड़ी कार निर्माण फर्म मारुति सुजुकी ने घोषणा की थी कि वह इनपुट लागत में वृद्धि की भरपाई के लिए महीने के दौरान कीमतों में बढ़ोतरी करेगी। इसके बाद अन्य कार निर्माता कंपनियों ने भी अपने वाहनों के दाम बढ़ाए थे।

**वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की क्या है वजह:** कार निर्माता कंपनियों ने अपने वाहनों के दाम बढ़ाने के पीछे तर्क दिया था कि कच्चे माल के दाम बढ़ने के कारण उत्पादन लागत भी बढ़ा है, जिस कारण से कार की कीमतों में इजाफा हुआ है। मारुति सुजुकी कार निर्माता ने जनवरी 2021 और मार्च 2022 के बीच पहले ही वाहनों की कीमतों में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि की। लेकिन अप्रैल में, इसने अपने सभी मॉडलों की कारों की कीमतों में औसतन 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी।

# बचत और सेहत के साथ स्टाइल भी मेंटेन करें एक इलेक्ट्रिक साइकल देती है कई फायदे

**नई दिल्ली।** पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों के बीच यदि आप अपने जेब का तो ख्याल रखना चाहते हैं, और साथ ही अपनी फिटनेस पर भी ध्यान देना चाहते हैं, लेकिन समय की चुनौती से भी जूझ रहे हैं तो हीरो की लेक्ट्रो सी8 ई-साइकल आपके लिए मददगार साबित हो सकती है। अपने स्कूल, ऑफिस या आस-पास के छोटे-मोटे कामों के लिए जाते समय आप लेक्ट्रो साइकल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

लक्ट्रो सी8 की खूबी यही है



कि जितनी देर तक आप कंफर्टेबल फील करें इसे पैडल कर सकते हैं और जब थक जाएं तो सिर्फ एक स्विच की मदद से इसे एक स्कूटर के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। खास बात ये है कि इस साइकल के लिए आपको किसी भी तरह का पेट्रोल या डीजल खरीदने की कोई जरूरत नहीं है। आपको जरूरत है तो सिर्फ इसे चार्ज करने की। इतना ही नहीं साइक्लिंग कर के आप अपनी फिटनेस के साथ कूल दिखकर स्टाइल भी मेंटेन कर सकते हैं।

**परफॉर्मेंस:** हिरो का दावा है कि लक्ट्रो सी8 आपकी सवारी करने के तरीके को हमेशा के लिए बदल देगा! ये शानदार साइकल एक बार चार्ज करने पर 25किमी की दूरी तय करती है। ये एक आईपी 67 11.6 एएच रिमूवेबल बैटरी पैक के साथ आती है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017